डिवाइडर से टकरायी बाइक, युवक की मौत

प्रतापगढ़। कोतवाली नगर क्षेत्र के परशुरामपुर गांव निवासी युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह प्रयागराज में रहकर एमआर का काम करता था। हादसे की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मचा है। हादसे में एक अन्य एमआर की भी मौत हो गयी। बताते है कि परशुरामपुर गांव निवासी अनुपम शर्मा (३२) पुत्र सत्येंद्र कुमार शर्मा शुक्रवार रात करीब दस बजे बाइक से जाते समय कीड़गंज थाना क्षेत्र में उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक युवक और एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनुपम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल अनुपम को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव लेकर रात में गांव आ गए। शनिवार सुबह परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव प्रयागराज ले गए। वहां लोगों के कहने पर पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में पोस्टमार्टम के बाद देर रात परिजन शव लेकर अन्तिम संस्कार के लिये प्रयागराज ले गये। हादसे की खबर से परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बारिश के चलते धान की फसल को काफी नुकसान, किसानों में चिन्ता

लालगंज, प्रतापगढ़। चक्रवाती तूफान अर्नव के चलते शुक्रवार को लालगंज तहसील क्षेत्र में भोर से ही मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। क्षेत्र में दिन भर हो रही रिमझिम बारिश ने जहां जनजीवन प्रभावित कर दिया।

मौसम में बदलाव से किसानों को खेतों में खड़ी धान की फसलों के नुकसान की चिंता सताने लगी है। वहीं मौसम के बदलाव व बारिश के चलते ठण्ड ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। क्षेत्र के किसानों राम आसरे वर्मा, सुखदेव यादव, जमुना प्रसाद तिवारी, लालचंद्र मिश्र आदि का कहना है कि बारिश ऐसे ही होती रही तो धान की फसल को खासा नुकसान हो सकता है। वहीं क्षेत्र में कई एकड़ में धान की फसल गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। लगातार बारिश के चलते खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह भीग गई है। इससे धान की कटाई और मड़ाई एवं पिटाई का काम भी प्रभावित हो गया है। पहले से ही खेती की लागत और मौसम की मार झेल रहे किसानों के सामने अब आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। खेतों में बर्बाद हुई फसल देखकर किसान मायूस हैं। किसानों ने प्रशासन से फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।



सांगीपुर क्षेत्र में खेत में गिरी धान की फसल।



सेन्ट एन्थोनी कालेज में जनगणना-प्रशिक्षण का निरीक्षण करते डीएम अभिषेक पाण्डेय।

विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रतापगढ़। जिले की लालगंज तहसील परिसर में जल जमाव की समस्या सहित विभिन्न माँगों को लेकर शुक्रवार को वकीलों ने जिलाधिकारी से मिलकर माँगपत्र सौंपा। आल इंण्डिया रूरल बार एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश ने जिलाधिकारी अभिषेक पांण्डेय को सौंपा। ज्ञापन के जरिये ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने लालगंज बाजारखास में सर्राफ फेरी ब्यापारी की हत्या को लेकर निराश्रित बालिकाओं के भरण पोषण एवं पठन पाठन के लिये शासकीय मदद का अनुरोध रखा।

नन्द घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की...

लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़। क्षेत्र के हरिहरपुर कैलहा में चल रही श्रीमदभागवत कथा में कथा के चौथे दिन शुक्रवार को श्री.ष्ण जन्मोत्सव प्रसंग की कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे।

कथाव्यास आचार्य गिरीश प्रसाद मिश्र ने कथा प्रसंग में बताया कि मथुरा में अत्याचारी कंस से त्रस्त जनता भगवान से अत्याचार से मुक्ति मांग रही थी। इधर कंस द्वारा कारागार में बंद किये गये बहन देवकी व बहनोई वासुदेव के गर्भ से भाद्र पक्ष की अष्टमी तिथि को कारागार में ही भगवान श्री.ष्ण का अवतार हुआ। .ष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनते ही पाण्डाल में नन्द घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की..., का जयघोष करते श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में मगन हो नृत्य करते दिखे। वहीं कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। कथाव्यास आचार्य गिरीश प्रसाद मिश्र ने बताया कि सत्य के मार्ग पर चलने से मोक्ष का मार्ग सुगम हुआ करता है। उन्होने श्रद्धालुओं को सत्कर्म के साथ ही धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।


कथा के मुख्य यजमान शिव प्रसाद मिश्र व रमा मिश्रा तथा देवी प्रसाद मिश्र व गीता मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके पर रवीन्द्र मिश्र, जगन्नाथ, काशी प्रसाद, विनय दुबे, उमेशचंद्र तिवारी, दयाशंकर गिरि, राजकुमार उपाध्याय, शिवम शुक्ल आदि मौजूद रहे।

हमले में घायल अधिवक्ता की मौत, कुंडा में आक्रोश

साथी की मौत पर अधिवक्ताओं ने किया पूर्ण बंदी का ऐलान

प्रतापगढ़। रास्ते के विवाद में हुए जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल अधिवक्ता आशिक अली उर्फ मुन्ना की शुक्रवार सुबह लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। साथी अधिवक्ता की मौत की खबर मिलते ही कुंडा तहसील में आक्रोश फैल गया। दि बार एसोसिएशन ने तहसील परिसर के सभी न्यायालयों और कार्यालयों में पूर्ण बंदी का ऐलान करते हुए आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

मामला कुंडा थाना क्षेत्र के दर्जियाना मजरे बरई गांव का है। यहां २७ अक्टूबर को रास्ते के विवाद में मुख्तार अहमद, उनके भाई अधिवक्ता आशिक अली और उनकी पत्नी पर हमला किया गया था। हमले में आशिक अली गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें प्रयागराज ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। तीन दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद शुक्रवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के विरोध में अधिवक्ता बुधवार को न्यायिक कार्यो से विरत रहे थे। गुरूवार को तहसील में तालाबंदी कर विरोध जताया था। उनकी मांग पर एसडीएम अजय यादव के निर्देश से राजस्व टीम ने पुलिस बल के साथ विवादित भूमि की पैमाइश भी की थी। पुलिस ने पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, जिनमें से मोहम्मद कलीम, मोहम्मद शमीम और मोहम्मद कैफ गिरफ्तार किए जा चुके हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीपी मौर्य और महामंत्री योगेश कुमार त्रिपाठी ने आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि साथी को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। तहसील में शोक और आक्रोश का माहौल है।



मृतक आशिक अली की फाइल फोटो।

सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अज्ञात बाइक चालक पर केस

सुवंसा, प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के सुवंसा बाजार के पास २२ अक्टूबर की रात हुए सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान अंतू थाना क्षेत्र के किशुनगंज निवासी अजय कुमार के रूप में हुई। मृतक के पिता किशुनलाल की तहरीर पर पुलिस ने बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर के अनुसार, अजय कुमार अपने साढ़ू फूलचंद्र के यहां जन्मदिन समारोह में शामिल होने गए थे। २२ अक्टूबर की रात करीब ११ बजे वह अपने साढ़ू मोनू के साथ बाइक से हाईवे की ओर जा रहे थे।

सुवंसा बाजार के पास पीछे से आ रही बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अजय और सनी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को गौरा पीएचसी से मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ और फिर एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर किया गया। उपचार के दौरान अजय की मौत हो गई थी।

पिता की तहरीर मिलने पर फतनपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दहेज के ५० हजार रुपये न देने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

सात साल पहले हुई थी शादी

सुवंसा, प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के कतरौली ग्रामसभा निवासी रंजू ने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, दो दिन पूर्व वह मायके से ससुराल पहुंची थी।

आरोप है कि पति, सास, ससुर और ननद ने उसके हाथ पकड़कर लात-घूंसों से पिटाई की और घर से बाहर निकाल दिया। इतना ही नहीं, उसका सामान भी घर के बाहर फेंक दिया। ससुराल वालों ने दहेज के बकाया ५० हजार रूपये लाने पर ही घर में रहने देने की बात कही। रंजू ने बताया कि उसकी शादी सात वर्ष पूर्व हुई थी। उसकी दो बेटियां हैं, लेकिन पति उनकी पढ़ाई और भरण-पोषण का खर्च भी नहीं उठा रहा है। पीड़िता का आरोप है कि उसके साथ लगातार मारपीट की जाती है। परेशान होकर उसने फतनपुर थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जनगणना प्रशिक्षण में लापरवाही न बरतें, नियमों का करें अक्षरशः पालन-डीएम

प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण गंभीरता से लेने के दिए निर्देश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने शुक्रवार को सेन्ट एन्थोनी इण्टर कॉलेज में जनगणना-२०२७ के द्वितीय चरण के तहत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं और प्रशिक्षणार्थियों को दी जा रही जानकारी का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता और सजगता के साथ प्राप्त करें, ताकि फील्ड में कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने स्वगणना तथा घर-घर जाकर जनसंख्या गणना करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। निर्देश दिया कि जनगणना निदेशालय की ओर से जारी दिशा-निर्देशों और निर्धारित प्रक्रियाओं का अक्षरशः पालन किया जाए। प्रगणक अपने निर्धारित क्षेत्र में निर्धारित प्रपत्रों के अनुसार ही सूचनाएं एकत्र करें और उन्हें पूरी सावधानी एवं शुद्धता के साथ दर्ज करें। डीएम ने प्रशिक्षण में शामिल प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से प्रशिक्षण की विषय-वस्तु के बारे में जानकारी ली और उनकी शंकाओं का समाधान भी कराया।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक बिंदु को अच्छी तरह समझ लें, जिससे वास्तविक गणना के समय कोई कठिनाई न आए। अधिकारियों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने तथा सभी कर्मियों को उनके दायित्वों और कार्यप्रणाली की स्पष्ट जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने आपसी समन्वय से जनगणना-२०२७ की प्रक्रिया को पारदर्शी, त्रुटिरहित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने पर जोर दिया।

बेमौसम बारिश ने किसानों के अरमानों पर फेरा पानी, धान की फसल को नुकसान

आलू, मटर और सरसों की बोवाई पर भी संकट खेतों में जलभराव से किसान चिंतित

बनीतेरहमील, प्रतापगढ़। रानीगंज और पट्टी तहसील क्षेत्र के सैकड़ों गांवों में बृहस्पतिवार से शुरू हुई बारिश शुक्रवार देर शाम तक जारी रही। बेमौसम बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में पककर तैयार धान की फसल और कटी पड़ी फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका है। वहीं आलू, चना, मटर और सरसों की बुवाई भी प्रभावित हो रही है।

लगातार बारिश से खेतों में पानी भरने लगा है। इससे आलू का बीज सड़ने और अंकुरण प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। किसानों को तैयार धान की फसल गिरने और दाने की गुणवत्ता खराब होने की चिंता सता रही है। किसान राजेश्वर प्रसाद दुबे, रामानंद ओझा, सभाजीत मिश्र, प्रमोद दुबे, रामसहाय सिंह, विश्वनाथ सिंह, संजय सिंह और अमर सिंह सहित अन्य किसानों ने बताया कि बारिश से फसलों को नुकसान हो रहा है। मौसम का यही हाल रहा तो किसानों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ सकती है। बेमौसम बारिश ने उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में बर्बाद होती फसल देखकर किसान मायूस हैं।

अस्पताल के सामने युवक का शव रखकर परिजनों ने किया हंगामा

युवक की मौत से आक्रोशित परिजनों को पुलिस ने समझाकर कराया शांत

बाबागंज, प्रतापगढ़। खेत की जोताई के दौरान ट्रैक्टर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के लिए ले जाते समय मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो आक्रोशित परिजन शुक्रवार सुबह उसे कुण्डा के मवई स्थित उसी निजी अस्पताल के सामने रखकर हंगामा करने लगे, जहां से युवक को दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई थी। परिजन न्याय दिलाने की मांग कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर उन्हें शांत कराया। बताते है कि संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के लालूपट्टी गांव निवासी छेदीलाल का बेटा शिवकुमार मौर्य बुधवार शाम गांव के पास खेत की जोताई कर रहा था। इसी दौरान वह कंटीले तार में फंसकर ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। घिसटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां से चिकित्सकों ने स्वरूप रानी अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे कुंडा के मवई स्थित एक निजी अस्पताल ले पहुंचे। वहां से भी उसे स्वरूप रानी ले जाने को कहा गया। परिजन उसे लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी सांसें थम गईं। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिजन अस्पताल के सामने हंगामा करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस परिजनों को समझाकर शांत कराया गया। इसके बाद परिजन शव का अंतिम संस्कार करने मानिकपुर गंगा घाट चले गए।



जिला कारागार में करवा चौथ पर पूजा-अर्चना करतीं महिला बंदी।

जिला कारागार में बंदी महिलाओं ने श्रद्धा और उल्लास से मनाया करवा चौथ

१४ महिला बंदियों ने रखा व्रत, पतियों की पूजा-अर्चना कर गाए मंगलगीत

प्रतापगढ़। जिला कारागार में २९ अक्टूबर को करवा चौथ का पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी कारागार परिसर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल के बीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कुल १४ महिला बंदियों ने करवा चौथ का व्रत रखा और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर महिला बंदियों ने कारागार में निरूद्ध अपने पतियों की पूजा-अर्चना कर उनके सुखमय जीवन और दीर्घायु की कामना की। महिलाओं ने पारंपरिक मंगलगीत भी गाए। पर्व को लेकर बंदियों में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली। पूरे कार्यक्रम के दौरान कारागार का वातावरण भक्तिमय बना रहा। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाए गए इस पर्व ने बंदी महिलाओं को अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर दिया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, जेलर वीरेन्द्र कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर लालाराम वर्मा, कमलेश कुमार, शारदा देवी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एआरटीओ के चेकिंग अभियान में पिकअप सीज, एक दर्जन वाहनों का चालान

पट्टी तहसील क्षेत्र में चला अभियान, रजिस्ट्रेशन, फिटनेस और बीमा के कागजात जांचे

पट्टी, प्रतापगढ़। यातायात नियमों का पालन कराने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को आरटीओ विभाग ने पट्टी तहसील क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। आरटीओ एके शुक्ला के नेतृत्व में विभागीय टीम ने सुबह करीब ११ बजे अभियान शुरू किया। इस दौरान सड़क से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई।

अभियान के दौरान अधिकारियों ने वाहन चालकों से रजिस्ट्रेशन, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सभी जरूरी कागजात साथ रखने के निर्देश दिए गए। पट्टी कोतवाली क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन मिलने पर टीम ने एक पिकअप वाहन को सीज कर दिया। वहीं, यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले करीब एक दर्जन दोपहिया और चारपहिया वाहनों का चालान किया गया। कार्रवाई से वाहन चालकों में अफरा-तफरी रही। एआरटीओ अधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की कि बिना वैध दस्तावेजों के वाहन न चलाएं और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चेकिंग और कार्रवाई का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

विस चुनाव की तैयारियों को लेकर डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पूरी हुई एफएलसी प्रक्रिया

प्रतापगढ़। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-२०२७ की तैयारियों के तहत पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम गोदाम के एफएलसी हॉल में ईवीएम एवं वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग की कार्यवाही पूरी कर ली गई। आठ अक्टूबर से चल रही इस प्रक्रिया को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने एफएलसी कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर पूरी प्रक्रिया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ईवीएम की जांच में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए। निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित मानकों, दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि निर्धारित नियमों के अनुरूप संपन्न कराई जाए, जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। इसके बाद जिलाधिकारी ने पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का अक्टूबर माह का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी ३१ अक्टूबर और एक नवंबर २०२६ को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मॉक पोल कराया जाएगा। इसके लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को लिखित सूचना भेज दी गई है। मॉक पोल की पूरी प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के निर्धारित नियमों एवं प्रोटोकॉल के अनुसार संपन्न कराई जाएगी।

चक्रवात के असर से गड़वारा का ऐतिहासिक भरत मिलाप स्थगित

अब एक नवम्बर को होगा भव्य आयोजन

गड़वारा, प्रतापगढ़। अर्नब चक्रवात के प्रभाव और लगातार खराब मौसम को देखते हुए गड़वारा बाजार में आयोजित होने वाला ऐतिहासिक भरत मिलाप कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आयोजन समिति ने यह निर्णय लिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू ने कार्यक्रम स्थगित होने की जानकारी देते हुए बताया कि अब ऐतिहासिक भरत मिलाप एक नवंबर, रविवार को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों, श्रद्धालुओं और व्यापारियों से सहयोग की अपील की है। धार्मिक आस्था और परंपरा से जुड़े इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह बना हुआ है।


योगी राज में सनातन को मिली नयी पहचान, प्रदेश का बढ़ा सम्मान-अधोक्षजानंद

मीराभवन में सनातन धर्म सभा का आयोजन, संतों ने संस्कृति और गो संरक्षण पर रखे विचार

प्रतापगढ़। शहर के मीराभवन स्थित लीला पैलेस में भाजपा नेता कुंदन सिंह के संयोजन में सनातन धर्म सभा का आयोजन किया गया। इसमें अयोध्या, प्रयागराज और वृंदावन समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों से पहुंचे संत-महात्माओं और डंडी संन्यासियों ने सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति, गौ संरक्षण और धार्मिक शिक्षा पर विचार रखे।

मुख्य अतिथि स्वामी अधोक्षजानंद देव तीर्थ महाराज ने कहा कि योगी सरकार में सनातन धर्म को देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में नई पहचान मिली है। इससे उत्तर प्रदेश के सम्मान और प्रतिष्ठा में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में धर्म और संस्कृति के मूल स्वरूप को समझने की जरूरत है। स्वार्थ और इच्छाओं को धर्म का रूप देना चिंता का विषय है। सभा की शुरूआत धार्मिक अनुष्ठान और गज पूजन के साथ हुई।

अयोध्या के स्वामी भारत दास महाराज, प्रयागराज के माधवानंद महाराज और अंशुमुनि महाराज समेत अन्य संतों ने सनातन परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक संस्कारों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। आयोजक कुंदन सिंह ने संतों का सम्मान कर आशीर्वाद लिया और सभी के प्रति आभार जताया। इस दौरान पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, राजा अनिल प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख गुड्डन सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



मीराभवन स्थित लीला पैलेस में अधोक्षजानंद का स्वागत करते आयोजक।

अर्नब तूफान का कुंडा तहसील क्षेत्र में भी दिखा असर, बारिश से बढ़ी ठंड

तापमान गिरने से लोगों ने निकाले स्वेटर-जैकेट

परियावां, प्रतापगढ़। बंगाल की खाड़ी में बने दबाव के चलते उठे अर्नब तूफान का असर प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा तहसील क्षेत्र में भी देखने को मिला। बुधवार और बृहस्पतिवार से आसमान में बादल छाए रहे और तेज हवाएं चलती रहीं। शुक्रवार भोर करीब चार बजे से रूक-रूककर बारिश का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा। बारिश और हवाओं के चलते तापमान में गिरावट आने से ठंड बढ़ गई। लोगों ने स्वेटर और जैकेट निकाल लिए।

मौसम के बदले मिजाज से किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में खड़ी और तैयार फसलों को लेकर किसान आशंकित हैं। उनका कहना है कि यदि तेज बारिश हुई तो महीनों की मेहनत और कमाई पर पानी फिर सकता है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन भी सतर्क रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को अनावश्यक घरों से बाहर न निकलने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई। प्रशासन ने आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों को भी एहतियात बरतने और आवश्यक तैयारियां रखने के निर्देश दिए हैं।



केपी कालेज में पीईटी परीक्षा का निरीक्षण करते एसपी दीपक भूकर।

सुरक्षा व्यवस्था के बीच २१ केंद्रों पर सम्पन्न हुई पीईटी परीक्षा

एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

प्रतापगढ़। जिले के २१ परीक्षा केंद्रों पर शुक्रवार को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल ८७१२ परीक्षार्थी पंजी.त थे, जिनमें से २८६९ अनुपस्थित रहे। पहली पाली में ४८४३ अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

परीक्षा को सकुशल और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने केपी हिंदू इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती और अभ्यर्थियों के आवागमन का जायजा लिया। एसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता बरतने और जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए। उधर, कोंहड़ौर स्थित बृजेन्द्र मणि इंटर कॉलेज में केंद्र व्यवस्थापक श्यामलाल विश्वकर्मा ने शासन के निर्देशों के अनुरूप परीक्षा कराई। बारिश के कारण परीक्षार्थियों को परेशानी न हो, इसके लिए उन्होंने सड़क पर ही सहयोगियों को छाते के साथ तैनात किया था। छाते की व्यवस्था के बीच अभ्यर्थियों को स्कूल परिसर में प्रवेश कराया गया। केंद्र की इस व्यवस्था की प्रशासनिक अमले ने सराहना की।

फसल क्षति की सूचना ७२ घंटे के भीतर दें बीमित किसान-अशोक

फसल को हुए नुकसान की सूचना के लिए जारी किये गये हेल्पलाइन नंबर

प्रतापगढ़। वर्तमान में हो रही वर्षा को देखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित किसानों को फसल क्षति की सूचना ७२ घंटे के भीतर दर्ज करानी होगी। जिला .षि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि प्रा.तिक आपदा से अधिसूचित फसल को हुए नुकसान की जानकारी निर्धारित समय-सीमा में देना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि धान की फसल को प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति के साथ कटाई के बाद खेत में सूखने के लिए रखी गई फसल को वर्षा और तेज हवा से हुए नुकसान की सूचना भी किसान दर्ज करा सकते हैं। हालांकि जलभराव से हुई क्षति इसमें शामिल नहीं है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर नियमानुसार सर्वेक्षण और क्षतिपूर्ति की कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसान फसल क्षति की सूचना टोल फ्री नंबर १४४४७ पर कॉल करके दे सकते हैं। इसके अलावा ७०६५५१४४४७ पर व्हाट्सऐप चौटबॉट, क्रॉप इंश्योरेंस एप और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। किसान जिला कृषि अधिकारी अथवा उप कृषि निदेशक कार्यालय में लिखित आवेदन भी दे सकते हैं। शिकायत दर्ज कराते समय आधार कार्ड, बैंक खाते का विवरण, पंजी.त मोबाइल नंबर और फसल बीमा पॉलिसी से संबंधित अभिलेख उपलब्ध रखें। उन्होंने बीमित किसानों से अपील की कि नुकसान होने पर देरी न करें और ७२ घंटे के भीतर सूचना दर्ज कराएं, जिससे नियमानुसार क्षति का आकलन कर पात्र किसानों को क्षतिपूर्ति दिलाई जा सके।

मौसम में उतार-चढ़ाव से बढ़े वायरल बुखार के मरीज, बच्चे भी हो रहे बीमार

परियावां, प्रतापगढ़। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। बच्चे, बुजुर्ग और जवान खांसी, जुकाम व बुखार से परेशान हैं। वहीं छोटे बच्चे निमोनिया और वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं। क्षेत्र के कई घरों में लोग वायरल फीवर से पीड़ित हैं। चिकित्सकों के अनुसार मौसम में उतार-चढ़ाव और दिन-रात के तापमान में अंतर के कारण संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में बच्चों की विशेष देखभाल जरूरी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकांकर के अधीक्षक डॉ. राजीव द्विवेदी ने बताया कि बच्चों को मौसम के अनुरूप कपड़े पहनाएं और ठंड से बचाकर रखें। घर के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा बीमार लोगों के संपर्क से बचें। बच्चों को पर्याप्त तरल पदार्थ दें और खानपान का ध्यान रखें।

चलनी से चांद का दीदार कर पति के हाथों जल ग्रहण कर तोड़ा व्रत

खराब मौसम में भी सुहागिनों का उत्साह रहा बरकरार पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की

परियावां, प्रतापगढ़। अखंड सौभाग्य, पति-पत्नी के अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक करवा चौथ पर्व क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बृहस्पतिवार को सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। खराब मौसम के कारण चंद्रमा के दर्शन में बाधा आने के बावजूद महिलाओं के उत्साह में कमी नहीं दिखी। सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर पारंपरिक परिधानों में पूजन की तैयारी की। हाथों में मेहंदी, माथे पर सिंदूर और लाल-गुलाबी साड़ियों में सजी महिलाएं पर्व की खुशियों में सराबोर नजर आईं। शाम को महिलाओं ने पूजा की थाल सजाकर करवा चौथ की कथा सुनी और विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। रात में बादलों के कारण कई स्थानों पर चंद्रमा के दर्शन नहीं हो सके। ऐसे में महिलाओं ने दीपक की रोशनी में प्रतीकात्मक चंद्र दर्शन कर परंपरा निभाई। इसके बाद चलनी से पति का दीदार किया और पति के हाथों जल ग्रहण कर निर्जला व्रत का पारण किया। इस दौरान पति-पत्नी के बीच प्रेम, विश्वास और समर्पण का भाव देखने को मिला। क्षेत्र के दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर और हनुमान मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन किया। महिलाओं ने माता पार्वती और भगवान शिव की आराधना कर दांपत्य जीवन में सुख, शांति और अखंड सौभाग्य की कामना की।

कार्यालय सुखपतिराम इण्टर कालेज साहबगंज, प्रतापगढ़।

पत्रांक:प्रबन्ध/निविदा/१७/२०२६-२७ दिनांक ३०.१०.२०२६

प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत निविदा/कोटेशन सम्बन्धी सूचना

विद्यालय निर्माण सामाग्री आपूर्ति हेतु पूर्व में निविदा आमंत्रित की गयी थी, किन्तु गुणवत्तायुक्त सामाग्री उचित मात्रा में सामाग्री की आपूर्ति न करने के कारण निविदा निरस्त की गयी। पुनः सुखपतिराम इण्टर कालेज साहबगंज, प्रतापगढ़ में तीन कक्षों (८ मी० X ६ मी०) एवं बरामदा (२५ मी० X ३ मी०) का निर्माण होना है इसके लिये पंजीकृत फर्मो द्वारा ईंट, सीमेंट, सरिया, रेता, गिट्टी व बिजली के सामान व अन्य आवश्यक सामाग्री के लिये बन्द लिफाफे में निविदा दिनांक ०९.११.२०२६ को अपरान्ह ०२:०० बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा दिनांक ०९.११.२०२६ को अपरान्ह ०३:०० बजे तक निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। किसी भी विवाद का निस्तारण जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ में होगा।

प्रबन्धक/प्रधानाचार्य
सुखपतिराम इण्टर कालेज साहबगंज
प्रतापगढ़।